24021214

**QP CODE: 24021214**

**Reg No** : .....................

**Name** : .....................

## UNDER GRADUATE (CBCS) REGULAR EXAMINATIONS, APRIL 2024

### Fourth Semester

### Common Course II - HN4CCT01 - HINDI-DRAMA AND LONG POEM

(Common for all Model I B.A/B.Sc Programmes)

2017 Admission Onwards

8F5A3CFA

Time: 3 Hours  Max. Marks : 80

*Instructions to Private candidates only: This question paper contains two sections. Answer* ***SECTION I*** *questions in the answer-book provided.* ***SECTION II****, Internal examination questions must be answered in the question paper itself. Follow the detailed instructions given under* ***SECTION II***

**Part A**

*Answer any* ***ten*** *questions.*

*Each question carries* ***2*** *marks.*

1. उड़ीसा में स्थित कलापूर्ण मंदिर के साक्षी रूप कौन-कौन से हैं?
2. कोणार्क' मंदिर में किस भगवान की मूर्ति है? कितने लोगों ने इसके निर्माण केलिए प्रयत्न किया?
3. कोणार्क मंदिर के बारे में ज्योतिषी की भविष्यवाणी क्या थी?
4. महादण्डपाशिक कौन है? उन्होंने शिल्पियों को कौन-सी आज्ञा दी थी?
5. विशु का पुत्र कौन है? उसका नाम क्या है?
6. कोणार्क मंदिर के नाट्याचार्य कौन है? मंदिर का निर्माण कितने बरसों में पूर्ण हुआ था?
7. 'उतनी दूर मत ब्याहना बाबा' किसकी कविता है? किस संकलन की कविता है?
8. पुत्री मेला-हाट जाने पर किन लोगों से मिलना चाहती है?
9. उमाशंकर चौधरी के दो कहानी संकलनों के नाम लिखिए। उन्होंने पीएच.डी की उपाधि कहाँ से प्राप्त की?
10. जवाहर टनल' किसकी रचना है? लेखक का असली नाम क्या है?
11. ढाबा' किसकी रचना है ? लेखक के दो काव्यसंग्रहों के नाम लिखिए।
12. खड़ी रहती दरवाजे पर सूखे कपड़े लिए,हमारे गीले सिरों पर हाथ फेरते हुए -इन पंक्तियों का लेखक कौन है ?इन पंक्तियों में किसके बारे में बताया गया है ?

(10×2=20)

## Part B

*Answer any **six** questions.*

*Each question carries **5** marks.*

13. "हाथों में मंजीर देखते हो ?मंजीर बजाने की भंगिमा यदि नहीं हो तो वह नाट्याचार्य की मूर्ति क्योंकर लगेगी ? और यदि मंजीर बजाना है तो सुवर्ण-श्रृंखला कलाईयों में कैसे ठहर सकती है !" a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

14. 'ऐसे समय में पावस की वातास की भाँति तृषित भूमि में यह युवक आ पहुँचा, इसकी अद्वितीय सूझ मेरे लिए आकाशवाणी बनी, खोए राही का पथ-प्रदर्शन हुआ। और सात दिन में ही इसके अनवरत परिश्रम और प्रतिभा ने कोणार्क के शिखर को पूरा कर दिया।" a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

15. 'उसकी मूर्च्छा? उसका मूर्च्छित होना था कि शिल्पियों में बिजली दौड़ गई। दुगुनी शक्ति से हमारे मुट्ठीभर लोग जूझ पड़े और चालुक्य के पारावार को थामना पड़ा।" a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

16. सप्रसंग व्याख्या कीजिए। "शिल्पी तुम विष्णु हो, शंकर नहीं। निर्माता हो, संहारक नहीं। ....और फिर ये स्तम्भ और ये पाषाण!"

17. सप्रसंग व्याख्या कीजिए। "हमारे अस्त्र हैं - कुदाली, दंड, हथौड़े और पत्थर। जब तक प्राचीर हमारे हाथों में है, शत्रु पास नहीं फटकने पायेगा।"

18. सप्रसंग व्याख्या कीजिए। उस देश ब्याहना /जहाँ ईश्वर कम आदमी ज़्यादा रहते हों /बकरी और शेर /एक घाट पर पानी पीते हों जहाँ /वहीं ब्याहना मुझे!

19. सप्रसंग व्याख्या कीजिए। कहते हैं जब शहंशाह सो थे, तब/ सोने से पहले उनका निर्देश था कि / यदि दुनिया ठीक वैसी ही चलती रहे, जैसा / उन्होंने उसे चलने के लिए छोड़ दिया है / और हवाएें ठीक वैसे ही पूर्व से पश्चिम की ओर, बहती रहें / तब उन्हें नींद से न जगाया जाय।

20. और संसार था ईर्ष्या से भरा हमारे प्रति,जबकि हम भाग रहे थे स्वर्ग से:भिंची हथेलियों में जान थी हमारी -सप्रसंग व्याख्या लिखिए।

21. ढाबा' कविता की विशेषताओं पर टिप्पणी लिखिए ?

(6×5=30)

## Part C

*Answer any **two** questions.*

*Each question carries **15** marks.*

22. धर्मपद का चरित्र चित्रण कीजिए।

23. कोणार्क मंदिर पृथ्वी और आकाश के बीच भीषण संघर्ष खड़ा करनेवाला है। इस उक्ति को नाटक की कथावस्तु के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

24. मुआवजा देना या कहीं ज़मीन का टुकड़ा देना विस्थापित की समस्या का समाधान नहीं है-इस कथन की आलोचना लिखिए।

25. मेहनतकश लोगों के जीवन संघर्ष का उभरा चित्र है ढाबा कविता-अपना मत प्रकट कीजिए।

(2×15=30)